## कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी

## प्रेस-नोट

***दिनांकः-08.11.2023***

**ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग के अभियुक्त भोजपुरी डोम को अवैध रूप से मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में मा0 न्यायालय द्वारा 03 माह के कारावास व कुल 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।**

थाना-सिगरा में पंजीकृत मु0अ0सं0- 398/2014 धारा- 8/22 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त **भोजपुरी डोम पुत्र बखरी डोम निवासी दिवान का बड़का पुरवा (बड़का गांव) सिकरौर बक्सर बिहार** को थाना सिगरा पुलिस व मानिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दिनांक 08.11.2023 को मा0 न्यायालय जनपद वाराणसी द्वारा दोष सिद्ध करते हुए अभियुक्त भोजपुरी डोम उपरोक्त को धारा- 8/22 एनडीपीएस एक्ट में 03 माह का साधारण कारावास एवं 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 07 दिन का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**जोन-काशी कमिश्नरेट-**
**वाराणसी**